सौगात

स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीणों को मिली बड़ी सौगात

# ग्राम पंचायत भालवा में सामुदायिक स्वच्छता परिसर बना मिसाल




**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले की जनपद पंचायत किरनापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत भालवा में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निर्माण कर ग्रामीणों को स्वच्छता की दिशा में बड़ी सुविधा प्रदान की गई है। यह पहल गांव में बढ़ती स्वच्छता संबंधी समस्याओं को देखते हुए की गई है। ग्राम भालवा में हाईस्कूल संचालित है, जहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यालय में शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं होने से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को असुविधा का सामना करना पड़ता था।

इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए ग्राम पंचायत ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणों के साथ बैठक कर सामुदायिक स्वच्छता परिसर निर्माण का प्रस्ताव पारित किया था और स्वीकृति के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया था। प्रस्तारव की स्वीकृति प्राप्त होते ही ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। निर्धारित समयावधि में परिसर का निर्माण पूर्ण कर इसे ग्रामीणों एवं विद्यालय के उपयोग के लिए समर्पित कर दिया गया।

आज सामुदायिक स्वच्छता परिसर का नियमित उपयोग किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल रहा है। गांव में सामुदायिक स्ववच्छता परिसर बनने से गांव में अब कोई भी खुले में शौच करने नहीं जाता है।

इससे गांव में स्वच्छता बनी रहती है और गंदगी गायब हो गई है। इससे गांव के लोगों की बीमारियों से भी सुरक्षा हुई है। इस पहल में ग्राम पंचायत, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ग्राम पंचायत भालवा की यह पहल स्वच्छता की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरी है, जो अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी मार्गदर्शक सिद्ध हो सकती है।



# राष्ट्रीय एकता शिविर में मध्यप्रदेश दल की सहभागिता

**नवभारत, बालाघाट।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत 11 से 17 फरवरी 2026 तक सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मध्यप्रदेश सहित 12 राज्यों के लगभग 200 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। मध्यप्रदेश दल का प्रतिनिधित्व रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर की ओर से कार्यक्रम प्रभारी कृष्णा पराते के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम ने किया। शिविर का उद्देश्य विभिन्न राज्यों की परंपरा, संस्कृति और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना तथा युवाओं में राष्ट्रभक्ति और सेवा भावना विकसित करना रहा। सप्ताहभर चले शिविर में योग, बौद्धिक सत्र, एक भारत श्रेष्ठ भारत, साइबर सिक्योरिटी, नशा मुक्त भारत अभियान, निबंध व पोस्टर प्रतियोगिताएं तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। प्रतिभागियों को पुणे के ऐतिहासिक स्थलों जैसे शनिवार वाड़ा और श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई गणपति मंदिर का भ्रमण भी कराया गया।

समापन समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. रक्षा निखिल खडसे सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मध्यप्रदेश की स्वयंसेविका कीर्ति तिवारी (कटनी) को निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया। शिविर में सहभागिता के लिए विश्वविद्यालय एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा समस्त दल को शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

# पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण




**नवभारत, बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट के वाणिज्य संकाय के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं का औद्योगिक भ्रमण जिले में स्थित मलाजखंड ताम्र परियोजना में कराया गया। यह भ्रमण हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया गया।

भ्रमण का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के नेतृत्व तथा विभागाध्यक्ष डॉ. पी. एस. कातुलकर के निर्देशन में हुआ। एचसीएल के मानव संसाधन प्रमुख श्री प्रमोद कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को आधुनिक खनन तकनीकों और तांबा उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने खान की विशाल ओपन पिट संरचना का निरीक्षण किया। विषय विशेषज्ञ एवं मुख्य प्रबंधक श्री विशाल मिश्रा ने ड्रिलिंग, ब्लास्टिंग, क्रशर यूनिट तथा फ्लोटेशन प्लांट की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझाया। साथ ही उन्होंने उत्पादन प्रबंधन, लागत नियंत्रण, श्रम कानूनों एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को उद्योग के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव तथा कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रमों की जानकारी भी प्रदान की गई। विभागाध्यक्ष डॉ. कातुलकर ने बताया कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के कौशल विकास, इंटर्नशिप अवसरों, शोध कार्य तथा उद्योग-शैक्षणिक समन्वय को मजबूत करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।संपूर्ण भ्रमण के दौरान सहायक प्राध्यापक वाणिज्य श्री भीवेंद्र धुर्वे एवं शोधार्थी इशिका, प्रकृति, हर्षिका तथा साक्षी शर्मा उपस्थित रहीं। यह औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

# मॉयल एकादश भरवेली ने जीता सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट



**नवभारत, बालाघाट।** स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में खेले जा रहे स्व पत्रकार सुदेश पौराणिक स्व सुनील बिसेन ओम भारद्वाज मुकेश बढ़ई सुरेन्द्र शुक्ला अनीश खान स्मृति हीरो सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला श्रमजीवी पत्रकार एकादश एवं मॉयल एकादश भरवेली के मध्य खेल गया जिसमें बतौर अतिथि भारती पारधी सांसद,संजय सिंह कच्छवाहा जिला अध्यक्ष राजपूत समाज,निशांत बिसेन प्रवक्ता भाजपा म. प्र.,कामेश धूमकेती नगर निरीक्षक कोतवाली,शक्ति सिंह कमांडो हॉक फोर्स,गजेंद्र भारद्वाज मौजूद रहे।

जिसमें श्रमजीवी पत्रकार एकादश के कप्तान इंद्रजीत भोज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 122 रन बनाए ।जिसमें आकाश श्रीवास्तव 32 रन ,नितेश जलकेशर ने 16 रन,धानेश्वर कुशले ने 16 का योगदान दिया। मॉयल एकादश भरवेली की ओर से जोयल सुना ने 2 विकेट,जॉन्सन ने 2 विकेट, सोमू ने 2 विकेट प्राप्त किए।वही जवाबी पारी खलने भरवेली मायल ने 13 ओवर में ही मात्र 1 विकेट के नुकसान पर 123 रन बनाकर मैच जीत लिया। भरवेली मायल ने 9 विकेट से मैच जीत लिया। सोमू फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच चुना गया।71 रन बनाकर नॉट आउट रहे और 2 विकेट भी लिया।इस टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज संदीप भीमते बेस्ट बल्लेबाज धनपाल धुरयाम (भरवेली), बेस्ट गेंदबाज गौरव शर्मा (मेडिकल), सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर धनेश्वर कुशले (पत्रकार), सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक आदर्श शुलकिया (भरवेली), सर्वश्रेष्ठ कैच राजीव रंजन(mpeb),सर्वश्रेष्ठ ड्रेसकोड डॉ. बी.आर.अम्बेडकर एडुकेशन सोसाइटी,सर्वश्रेष्ठ कप्तान इंद्रजीत भोज,अनुशासित टीम हॉक फ़ोर्स मैच के दौरान अंपायर की भूमिका अजय शुक्ला, वैभव गेडाम स्कोरिंग शुभम मेश्राम ने कामेंट्री शंकर कनौजिया, हर्षविंदर भाटिया, अजय बिसेन, रजनीश राहंगडाले द्वारा की गई।

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष इंद्रजीत भोज महासचिव ओमेंद्र बिसेन,उपाध्यक्ष श्रवण शर्मा,रजनीश राहंगडाले, राजेश नगपुरे रफी अहमद अंसारी,यमलेश बंजारी, महेंद्र अमूले, आकाश श्रीवास्तव, सुनील कोरे, नईम खान, अरविंद अग्निहोत्री, संजय बिसेन,अजय नारायण तिवारी योगेश देशमुख, बिसन नगपुरे ,विनोद चिपेश्वर, संदीप आश्वले, योगेश गौतम, हितेश ठाकरे, अशोक शुक्ला, अखिलेश ठाकुर, मनीष जैन, अनुराग झा, माही चौहान, गुणेश्वर सहारे, प्रदीप सर्राटे, महेश दवने, गुड्डू गोंड, देवेंद्र रनगिरे गजोधर,कमल कोडले सहित समस्त साथियों ने खेलप्रेमी जनता का उपस्थिति हेतु आभार व्यक्त किया है।

## आपदा प्रबंधन जनजागृति कार्यशाला का आयोजन

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में 20 फरवरी को तहसील कार्यालय लालबर्रा में एक दिवसीय आपदा प्रबंधन जनजागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 45 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही, जिनमें आर.आई., पटवारी, सी.डी.वी., कोटवार, सचिव, जी.आर.एस., आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम रक्षा समिति, नगर रक्षा समिति, जन अभियान परिषद के सदस्य तथा ग्रामीणजन शामिल थे। कार्यक्रम का मार्गदर्शन डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड बालाघाट एवं नोडल अधिकारी श्रीमती रजनी खटीक ने किया। इस अवसर पर ए.एस.आई. होमगार्ड श्री महेश कुमार उइके एवं एस.डी.ई.आर.एफ. टीम द्वारा अग्निकांड, भूकंप, लू एवं तापघात, वज्रपात, सर्पदंश तथा बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के उपायों एवं सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

# दिवंगत खिलाड़ियों की याद में जिला स्तरीय फुटबॉल का आगाज

### स्वर्गीय आकाश ठाकुर,मंगल कुमार सुभाष खरे की स्मृति में हुआ आयोजन



**नवभारत, परसवाड़ा।** फुटबॉल की नगरी के नाम से विख्यात उकवा नगर में वर्ष भर फुटबॉल प्रतियोगिताये आयोजित होती रहती है,इसी कड़ी में उकवा की प्रसिद्ध फुटबॉल टीम एसबीएम फुटबॉल क्लब द्वारा शुक्रवार को उकवा मॉयल ग्राउंड में उकवा के दिवंगत खिलाड़ी आकाश ठाकुर,सुभाष खरे,मंगल कुमार की पावन स्मृति में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शानदार आगाज आज से उकवा मॉयल ग्राउंड में किया गया,जिसमें क्षेत्र की दस टीमें हिस्सा ले रही है। आज शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उकवा चौकी प्रभारी आकाश शर्मा,जिला फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स बारीक, अमन गौतम स्वय सेवी, दिवंगत खिलाड़ी के परिजन सरस्वती बाई,उमा ठाकुर,सातो बाई,शकुन बाई,आदि परिजनों की गरिमामई उपस्थिति में दिवंगत खिलाड़ियों के छाया चित्र पर पूजन अर्चन कर रिबन काटने के उपरांत खिलाड़ी परिचय के साथ किया गया। आज के शुभारंभ अवसर पर पहला मैच राइजिंग स्टार उकवा और यंग इलेवन के मध्य जिसमें ट्राय वेंकर से यंग इलेवन विजेता रही,दूसरा मैच जीजस क्लब उकवा और गोंडवाना क्लब नारंगी के मध्य खेला गया। आयोजन को सफल बनाने हेतु एस बीएम के वरिष्ठ खिलाड़ी दर्शन दीप,रोशन बालेंद्र,परदेशी दुधमोंगरा, मेहतर नंद, दीपक राउत, बृजलाल भुआर, रोशन नेताम, अनीश कुमार, सुनील सुना, मनीष कठौते, सामेल कलेथ, अखिलेश कोसमा, पीलू तराम, जय कुमार,अनिकेत नंद, बंटी, अजय प्रहलाद नंद,अतुल, दिसोन, नवीन, आयुष, भारत, समर्थ, राहुल, सुजल,हितेश, आयुष शिव, अनुराग, राज आर्यन, देवेंद्र, अभिमन्यु, राज, रमेश, अमन दीप, दिकू साहू, निलेश ,मिथलेश, शिवा आदि ने की है।

# ग्राम पंचायत की सक्रियता ही उसकी चमक व जीवंतता का कराती है परिचय : प्रदीप जायसवाल

### दो दिवसीय व्हालीवाल प्रतियोगिता में शामिल हुए पूर्व मंत्री



**नवभारत, वारासिवनी।** न्यू शार्ट क्लब सरण्डी के तत्वाधान में दो दिवसीय व्हालीवाल प्रतियोगिता के समापन समारोह में देर रात्रि में पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। टीमो के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर खेलमयी प्रभावी उद्बोधन देकर उन्होंने खेल जगत को हर्षित भी कर दिया। खेल मैदान मे विभिन्न संभागो की लगभग 12 बडी टीमो के रोंमाचकारी मैचो को देखने के लिये खेलप्रेमीयो का भीडनुमा जमघट भी देखा गया। जिससे प्रतिद्वंदी टीमो के खिलाडीयो मे एक नया जोश भी पैदा हुआ।

वीर शहीद शुभम राहंगडाले एवं स्वर्गीय हेमप्रसाद पटले की स्मृति में आयोजित प्रतियोगित के मेगा फाइनल में तिरगांव (बैहर) ने तेजगति के खेल से डिंडोरी की मजबूत टीम को पराजित कर विजेता का खिताब हासिल किया। विजेता टीम को 11111 रुपये व उपविजेता को 7777 रुपये का इनाम ट्राफी के साथ प्रदान किया गया। मैदान मे टीमो के प्रदर्शन के दौरान दर्शको का सीधे जुडाव इस आशय से भी देखा गया की दर्शक खिलाडीयो को उनकी जर्सी नंबर का नाम लेकर दूर से ही मैच जीतने की टीप्स भी देते नजर आये।

इस अवसर पर प्रदीप जायसवाल ने सालेटका, कायदि, महँदीवाड़ा, बालाघाट पुलिस टीम के खेल की सराहना करते हुए कहा की सरण्डी कंचनपुर की पंचायत ने खेल को आगे बढ़ाने में सदैव ततपरता दिखायी है। और यही सक्रियता ग्राम की चमक व जीवंतता का परिचय कराती है। आज इस तरह के खेल आयोजन से ही युवा वर्ग अपना भविष्य भी संवार रहे है। जिसके कारण सेना, शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रो मे सफलता हासिल कर ग्राम के युवा अपने ही ग्राम का नाम रोशन कर रहे है।

श्री जायसवाल ने कहा की हार-जीत के बाद भी सदैव आगे बढ़ने की ललक ही हमारे जीवन मे हर क्षेत्र में सफलता का मंन्त्र लेकर आती है। खिलाडी होना ही अपने आप मे एक बडा गुण है। स्वंय वे खिलाडी रह चुके है। जिसके कारण जीवन के प्रत्येक उतार चढाव मे खेल का अनुभव काम आने के कारण उनकी सफलता मे खेल का अहम योगदान रहा है। कार्यक्रम में विशेष रूप से देवधर क्रिकेट टीम वारासिवनी के कप्तान राजा चौरसिया व साथियों को भी आमंत्रित कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष वेदप्रकाश पटेल, ईश्वरी गौतम, समिति अध्यक्ष दीपचंद पटले, डोरीलाल गौतम, सुरजलाल मेश्राम, अरुण गौतम, योगेंद्र गौतम, बंटी गौतम, गोपाल सहारे,रामा सेन्द्रे,संतोष ठाकरे, मुलेन्द्र गौतम आदि उपस्थित भी रहे।

# बजट सत्र में जनहित के मुद्दों पर मुखर रहे विधायक, अध्यक्ष व मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट




**नवभारत, बालाघाट।** मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने माननीय विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री से अध्यक्षीय सभागार में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव में संशोधन के संदर्भ में प्रदेश की जनता से जुड़े अनेक गंभीर और ज्वलंत मुद्दों की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट कराया।

विधायक ने कहा कि प्रदेश के किसानों को धान का ?3100 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य देने की घोषणा अब तक पूर्ण रूप से लागू नहीं हो सकी है। उन्होंने सरकार से स्पष्ट समयसीमा तय करने की मांग की। साथ ही किसानों को प्रतिदिन 10 घंटे बिजली आपूर्ति के वादे को धरातल पर उतारने की आवश्यकता पर जोर दिया। विकासखंड किरनापुर की ग्राम पंचायत बोडुंदाकला में प्रस्तावित मैंगनीज फेरो अलॉय क्लस्टर प्लांट के अब तक प्रारंभ न होने पर भी प्रश्न उठाया गया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद थी, लेकिन देरी के कारण क्षेत्र के शिक्षित युवा, गरीब मजदूर एवं आदिवासी समाज के लोग रोजगार की तलाश में पलायन करने को विवश हैं।

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के बावजूद सड़कों और पुल-पुलियों की कमी को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए विधायक ने बुनियादी ढांचे के त्वरित विकास की मांग की। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहनों को पक्के आवास का सपना अभी अधूरा है, जिसे शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए।

इसके अतिरिक्त विकासखंड परसवाड़ा की बगलीपाठ सिंचाई परियोजना की निविदा प्रक्रिया लंबित होने तथा सातनारी जलाशय सिंचाई परियोजना का 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने के बावजूद वन विभाग की अनापत्ति प्रमाण-पत्र के अभाव में कार्य बाधित रहने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया।

# गोरेघाट और कन्हडगांव सर्कल में नहीं थम रही सागौन की तस्करी

- मिली भगत से हो रहा वनों का विनाश



**नवभारत कटंगी।** दक्षिण वन मंडल सामान्य बालाघाट के कटंगी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गोरेघाट और कन्हडगांव उपपरिक्षेत्र के जंगलों में वन माफिया सक्रिय होकर बेशकीमती इमारती लकड़ी सागौन के पेड़ों की हाथ आरे से कटाई कर वन माफिया वाहनों से राजीव सागर बांध के रास्ते से महाराष्ट्र प्रान्त के निकट के ग्रामों में परिवहन करने का सिलसिला नही थम रहा है वन प्रेमी ग्रामीणों के अनुसार वन माफिया रात्रि में वनों के भीतर सागौन के पेड़ों की कटाई कर वनों का सफाया कर रहे हैं और स्थानीय वन अमला मुख्यालय में ना रहते हुए 50 कि.मी.दूर कटंगी में अपने घर में रहते हुए आराम फरमा रहे हैं।

जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण तब सामने आया है जब कटंगी रेंज का वन अमला रात्रि गश्त के दौरान वाहनों को पकड़ कर कार्यवाही करता है गत दिनों इसी तरह के मामले प्रकाश में आए हैं जिसमें कटंगी परिक्षेत्र के अमले ने रात्रि गश्त के दौरान अलग अलग स्थानों में रात्रि में तीन वाहनों को जब्त कर भारी संख्या में सागौन की लकड़ी जब्त कर आरोपियों पर कार्यवाही की है किंतु स्थानीय अमले ने ना ही सागौन तस्करों पर कार्यवाही की और ना ही गोरेघाट और कन्हडगांव में चल रहे अवैध फर्नीचर निर्माण कार्य करने वालों पर कार्रवाई की गई है ग्रामीणों के अनुसार स्थानीय वन अमले की जानकारी में ही क्षेत्र में अवैध फर्नीचर निर्माण कार्य फल फूल रहा है विगत दिनों गोरेघाट के भाग एक में सिकायत पर हुई जांच में भारी मात्रा में सागौन के ठुंठ पाये गये थे जिसपर वन अधिकारियों ने उपपरिक्षेत्र अधिकारी और बीट गार्ड पर जुर्माने की कार्यवाही की गई किंतु उन्हें निलंबित नही करते हुए उसी स्थान पर पदस्थ रखा है जिससे इनके हौसले बुलंद है इसी तरह तिरोडी उपपरिक्षेत्र के टिल्लीटोला बीट में खैर प्रजाति के भारी पेड़ों की कटाई कर वन माफिया ने कटेधरा में डम्प कर रखा था जिसके ठुंठ अभी भी टिल्ली ? टोला के जंगल में देखें जा सकतें हैं जिसकी लकड़ियां वन विकास निगम लामता प्रोजेक्ट के अधिकारियों ने भारी मात्रा में जब्त कर कार्यवाही को अंजाम दिया था ग्रामीणों के अनुसार अभी भी वन माफिया सक्रिय होकर बेशकीमती इमारती लकड़ी सागौन को जंगल से कटवा कर कन्हडगांव गोरेघाट राजीव सागर परियोजना मार्ग से परिवहन कर रहे हैं।

क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि गोरेघाट और कन्हडगांव उपपरिक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सभी बीटों की जांच की जाती है तो भारी मात्रा में सागौन के ठुंठ पाये जा सकतें हैं।